**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **3-** (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-कानपुर के गोविन्दनगर जोन-५ के अन्तर्गत ब्लॉक नं०-13, मकान नं०-211 से 240 तक नमामि गंगे पेय जल योजना के अन्तर्गत गंगा बैराज से आई लाइन से इन घरों में लाइने डाल दी गयी है ? | नगर निगम, कानपुर के अंतर्गत गोविन्द नगर जोन-5 के वार्ड 48 गोविन्दनगर दक्षिणी में स्थित ब्लाक नम्बर 13 मकान नं०-211 से 240 में स्थित उपभोक्ताओं सहित 02 अन्य वार्डोंक्रमशः वार्ड-93 गोविन्दनगर उत्तरीएवं वार्ड 07 निरालानगर को जोनल पम्पिंग स्टेशनस्थित 04 मोटर पम्पों जिनकी क्षमता क्रमशः 90 एच0पी0 का 01, 70 एच0पी0 का 01 तथा 50 एच0पी0 के 02 हैं, के माध्यम से पूर्व से निर्मित पाइप लाइन द्वारा प्रातःकाल एवं सायंकाल में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br>प्रश्नगत क्षेत्र सहित कानपुर नगर के इनर ओल्ड एरिया में पेयजल योजना के विस्तार/सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों हेतु अमृत-2.0 योजनान्तर्गत सिटी वॉटर एक्शन प्लान (सी0डब्लू0ए0पी0) तैयार कर लिया गया है। उक्त योजनान्तर्गत प्रश्नगत कार्य का कराया जाना वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर है। |
| (ख) यदि हाँ, तो कब ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो उक्त लाइने न डाले जाने का क्या कारण है ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**